तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

एटक के 75 सदस्य सामूहिक इस्तीफा देकर एचएमएस में शामिल



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कल करेगी कलेक्टोरेट का घेराव

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मनोज चौहान एवं मुकेश राठौर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि मनरेगा में सुधार के नाम पर केन्द्र सरकार ने रोजगार गारंटी स्कीम को खत्म करने का जो काम किया है, जिसके विरोध में 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। साथ ही धान खरीदी एवं एसआईआर में व्याप्त अनियमितता को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, मण्डल कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पार्षद, पूर्व पार्षद, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अजा वर्ग प्रकोष्ठ, अजजा प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक वर्ग प्रकोष्ठ सहित कांग्रेस संगठन के समस्त मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं वार्ड और बूथ कमेटी के सभी पदाधिकारी सदस्यगणों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### ग्राम पंचायतें बनाएंगी महतारी सदन, माताएं होंगी सशक्त

**कोरबा।** ग्राम पंचायतें अब महतारी सदन का निर्माण करेंगी। इसके लिए ग्राम पंचायतों का चयन क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में किया गया है। इस संबंध में पंचायत विभाग द्वारा मार्गदर्शिका भी जारी कर दी गई है। ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी बनाए जाने से महतारी सदन के निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। महतारी सदन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दी जाएगी और तकनीकी मार्गदर्शन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा प्रदान किया जाएगा। महतारी सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतें सशक्त होंगी और गांवों में महिलाओं की आर्थिक तथा सामाजिक गतिविधियों में सुधार होगा। यह सदन महिलाओं के लिए बैठक, प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूह की गतिविधियों और आजीविका संवर्धन का केंद्र बनेंगे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 15 मार्च को

**कटघोरा।** समाजसेवा एवं जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल सभा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 15 मार्च रविवार को अग्रसेन भवन, कटघोरा में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होगा। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान, मानसिक तनाव एवं व्यस्त दिनचर्या के कारण हृदय रोग, मधुमेह, लिवर संबंधी समस्याएँ एवं अन्य गंभीर बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराई जाए तो अनेक रोगों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में ही संभव है, जिससे उनका प्रभावी उपचार किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से समाजहित में यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान मनाया

**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी जिला के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ विजय राठौर के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिवस को हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियानके के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जयसवाल, कोरबी सरपंच विजय सिंह धनुहार की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर दिनेश राठौर, कृष्णा पटेल, पंकज ध्रुव, अमरनाथ कौशिक, संजय राठौर, विनोद कंवर, छोटेलाल पटेल, रामेश्वर सोनी, यग्वेंद्र सोनी, जनकराम पटेल, राजेश पटेल, नीलकंठ, श्रवण यादव शशि साहू, हितेश साहू, विजय सिंह धुन्हार, ममता मौसम आदि उपस्थित थे।

# न्यू बस स्टैंड से शुरू हुआ अभियान, हर रविवार चलेगा सफाई महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

कटघोरा नगर पालिका परिषद द्वारा रविवार को नगर के न्यू बस स्टैंड और उसके आसपास व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति एक मजबूत संदेश दिया गया। इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, प्रशिक्षु आईएएस एवं सीएमओ क्षितिज गुरभेले, स्थानीय पार्षदों के साथ-साथ स्वच्छता दीदियों और नगर पालिका के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अभियान के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बस स्टैंड क्षेत्र के दुकानदारों को समझाइश दी गई कि वे अपने दुकानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित नीले और हरे डस्टबिन में ही एकत्र करें तथा उसे नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डालें। साथ ही यात्रियों और आम नागरिकों से अपील की गई कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। प्रशिक्षु आईएएस एवं सीएमओ क्षितिज गुरभेले ने जानकारी देते हुए बताया कि अब नगर में हर रविवार अलग-अलग स्थानों पर इसी तरह स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को न केवल सफाई बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही कटघोरा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाकर पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान दिलाई जा सकती है। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ नगर पालिका परिषद कटघोरा के सभी अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने मिलकर स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**कटघोरा में चला स्वच्छता कार्यक्रम**

**खास बात**

- नगर पालिका अध्यक्ष सीएमओ, पार्षदों सहित स्वच्छता दीदीयों ने निभाई सक्रिय भूमिका



## कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज का मामला

# रात में ट्रक से लकड़ी की हो रही थी तस्करी, वन अमले ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जंगल में सरई पेड़ों की अवैध रुप से कटाई कर उसे ट्रक में लोड कर तस्कर भाग रहे थे जैसे ही इसकी भनक वन विभाग के अधिकारियों को लगी तो वन विभाग की टीम ने तस्करों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और तस्करों का पीछा कर रही थी इस बीच तस्कर बीच रास्ते में ही अपने ट्रक छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले मौका स्थल से वन विभाग के टीम ने लाखों रुपए कीमती इमारती लकड़ी की खेप व ट्रक को जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। आखिर यह किसके इशारे पर लकड़ी तस्करी की जा रही थी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है वन विभाग मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

**खास बात**

- अंधेरे का फायदा उठाकर बीच रास्ते में छोड़ भागे तस्कर



वाहन में रखे जप्त लकड़ी के साथ वनकर्मी।

मामला कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में सामने आया है। कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत को मुखबीर से सूचना मिली थी कि राजस्व क्षेत्र में काटे गये साल लकड़ी का परिवहन ट्रक के माध्यम से किया जा रहा है। जिस पर वनमण्डलाधिकार कुमार निशांत द्वारा टीम गठित कर उप वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध रूप से साल प्रजाति के लकड़ी का परिवहन करते वाहन को पकड़ने हेतु वन परिक्षेत्र अधिकारी पसान एवं वनपाल ईश्वरदास मानिकपुरी, कौशल प्रसाद द्विवेदी वनपाल, सुरक्षा श्रमिक भीमसेन के साथ वन अमला के द्वारा घेराबंदी किया गया। रात्रि लगभग 1:40 बजे कक्ष कमांक ओ.ए. 650 में वनोपज परिवहन करते वाहन पीछा किया गया। रामपुर से धवलपुर मार्ग में कुछ दूरी पर जाकर वाहन चालक वाहन को लावारिस हालत में छोड़ कर भाग गया। वनोपज साल प्रजाति के 15 नग लट्ठा मात्रा 6.50 घनमीटर लकड़ी अनुमानित राशि लगभग 3 लाख रूपये तथा वाहन ट्रक लगभग 20 लाख अनुमानित मुल्य को जप्ती कर वन अपराध प्रकरण कायम कर वाहन कमांक एमपी 17 एचएच 3677 को वन अधिनियम 1927 की धारा 52, 55, 42 (i) (ii) एवं छ.ग. अभिवहन (वनोपज) की धारा 3, 16 के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन को परिक्षेत्र कार्यालय अन्य वाहन चालक के द्वारा लाया गया। वाहन को जप्त कर अगामी कार्यवाही की जा रही है।

# फर्जी शेयर मार्केट में पैसा लगाने के नाम पर 39 लाख की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपिका क्षेत्र में रहने वाला एक युवक शेयर मार्केट में पैसा लगाने के नाम पर उसके साथ लाखों रुपए की ठगी की गई है। युवक के साथ लगभग 39 लाख की ठगी की घटना सामने आई है। पीड़ित युवक ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- दीपका थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

इन दिनों ऑनलाइन ठगी करने वाले फर्जी शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने के नाम पर लगातार घटना सामने आ रही है। भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर ऊंचा ऊंचा सपना दिखाकर पैसा फर्जी कंपनी में निवेश कर रहे हैं और लगातार ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। नया मामला दीपिका थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां दीपिका क्षेत्र में रहने वाले अनिल जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके साथ फर्जी शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने के नाम पर 39 लख रुपए की ठगी की गई है। जब अनिल जायसवाल को पता चला कि उसके साथ 39 लाख की ठगी हो गई है तो उसके होश उड़ गए। मामला सामने आने के बाद दीपिका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने मामले की गंभीरता से लेते हुए तहकीकात की और घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318 के तहत अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दीपिका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि फिलहाल मामले में ठगी का अपराध दर्ज लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। शेयर मार्केट में ठगी के कई मामले सामने आए हैं, जहां लोगों को फर्जी शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए लाया गया और उनके पैसे ठग लिए गए।

# कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा और युवक ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक कक्षा ग्यारहवीं में अध्यनरत छात्र ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है तो वहीं दूसरी ओर एक 20 वर्ष युवक ने भी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों ही मामलों में युवक युवती ने किन कारणों के चलते आत्मघाती कदम उठाए स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है की जांच उपरांत ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

**खास बात**

- उरगा थाना और रजगामार चौकी क्षेत्र का मामला

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी की है यहां निवासरत चित्र रेखा वैष्णव उम्र 17 वर्ष पिता जगदीश प्रसाद वैष्णव कक्षा 11वीं की छात्रा थी जिसने 16 फरवरी को अज्ञात कारणों के चलते घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि उसकी पुत्री चित्ररेखा को आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां पिछले कई दिनों से उसका उपचार चल रहा था और रविवार को इलाज के दौरान चित्रलेखा की मौत हो गई। दूसरी घटना रजगामार चौकी क्षेत्र की है यहां निवासरत मनोरथ कुंवर 20 वर्ष पिता जगलाल कुंवर ने भी अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान मनोरथ कुंवर की भी मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फरार 22 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। जिले के तीनों अनुभागों के अनुभागीय अधिकारियों तथा समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को त्वरित एवं सख्त कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली (फैमिली) हेतु विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा सघन दबिश अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

# स्कूल और अस्पताल के पास अवैध रूप से डंप किया जा रहा फ्लाईएश



हाईवा से राखड़ डंप करते हुए।



स्कूल के समीप लगा राखड़ का ढेर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुरसिया में एनएचआई से लगे मुख्य मार्ग के किनारे शासकीय जमीन पर राखड़ डंपिंग का मामला लगातार चर्चा में है। मौके की तस्वीरों में भारी वाहन से राखड़ गिराते और आसपास बड़े-बड़े ढेर जमा होते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि शंकर ट्रांसपोर्टर द्वारा बिना स्पष्ट सार्वजनिक सूचना और बोर्ड के खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर डंपिंग की जा रही है स्थिति इसलिए गंभीर मानी जा रही है क्योंकि जिस स्थान पर राखड़ गिराई जा रही है, उसके समीप साप्ताहिक बाजार लगता है। पास ही एक अस्पताल और सरस्वती शिशु मंदिर भी संचालित हैं। इसके अलावा घनी आबादी वाली बस्ती और मुख्य सड़क का लगातार आवागमन इस क्षेत्र को संवेदनशील बनाता है।

**खास बात**

- पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत गुरसिया का मामला

राखड़ से उड़ने वाली धूल के कारण बच्चों, मरीजों और राहगीरों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार बाजार के दिन धूल का गुबार और अधिक बढ़ जाता है जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी होती है। अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए भी वातावरण अनुकूल नहीं रह जाता। लोगों का कहना है कि शासकीय जमीन का इस प्रकार उपयोग किए जाने से पर्यावरणीय खतरे की आशंका भी बढ़ रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक गुरसिया सरपंच द्वारा डंपिंग के लिए एनओसी दिए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि कई ग्रामीणों का दावा है कि इस मुद्दे पर ग्रामसभा में खुली चर्चा नहीं हुई और व्यापक सहमति भी नहीं ली गई। ⏭ शेष पेज 3 पर

## पताड़ी गांव में हफ्ते भर तक चले इस खिताब में आसपास के 24 गांवों की टीमों के बीच हुआ जबरदस्त मुकाबला, उमड़ा जनसैलाब

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पताड़ी को पराजित कर कनकी बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचल में खेला गया कम्युनिटी फर्स्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक मुकाबले और जश्न के साथ संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का उद्देश्य कोरबा पॉवर लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत युवाओं को सकारात्मक दिशा में जोड़ना और गांव-गांव खेल भावना को मजबूत करना था। अदाणी फाउंडेशन के तत्वाधान में 7 से 15 फरवरी तक आयोजित इस टूर्नामेंट में आसपास के गांवों की कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में कनकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पताड़ी को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की।

खेल की शुरुआत में पताड़ी और कनकी के बीच हुए टॉस में पताड़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया। कनकी के गेंदबाज़ों ने शुरू से दबाव बनाए रखा और रनगति पर अंकुश लगाया और 12 ओवरों में 52 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनकी टीम ने आक्रामक लेकिन संयमित बल्लेबाज़ी से मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ दिया। इस तरह कनकी ने 6 ओवर 4 बॉल में 3 विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। कनकी की पारी में तेज रन और साझेदारियों ने दर्शकों को रोमांचित किया, जबकि रिसदी के कल्याण सूर्यवंशी और गेंदबाज़ बल्लू साहू का पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन चर्चा का विषय रहा।



विजयी टीम के साथ अतिथि एवं अन्य।

क्रिकेट टूर्नामेंट के भव्य पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती सुष्मिता कमलेश अनंत जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच पताड़ी प्रधान सिंह ठाकुर ने की। इसके अलावा कोरबा पॉवर लिमिटेड से महाप्रबंधक सीएचपी अखिलेश सिंह, उप महाप्रबंधक भू विभाग श्री विकास ठाकुर, अरुण प्रसाद, अदाणी फाउंडेशन से ताजेन्द्र बंजारे व पवन महतो सहित जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में अतिथियों ने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और ग्रामीण युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अदाणी फाउंडेशन व कोरबा पॉवर प्रबंधन की सराहना की। समारोह के अंत में अतिथियों ने विजयी टीम कनकी को विजयी ट्रॉफी व मेडल, खेल किट और स्मृति-चिह्नों से नवाजा। वहीं टीम पताड़ी और टीम रिशदी के खिलाड़ियों को भी क्रमशः द्वितीय व तृतीय पुरस्कार की ट्रॉफी, मेडल, इत्यादि ⏭ शेष पेज 3 पर

### एंजेल बनी जज, जिले का किया नाम रोशन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी परीक्षा-2024 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सूची में कोरबा की एंजेल सिंह ने अपनी जगह बनाकर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने शनिवार को कुल 57 पदों के लिए अंतिम चयन सूची जारी की। मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर 2025 को आयोजित हुई थी, जिसके बाद 10 से 20 फरवरी के बीच 183 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। एंजेल पत्रकार रवि पी. सिंह एवं श्रीमती रत्नप्रभा सिंह की सुपुत्री हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर एक्टिवा में टक्कर दो लोगों की मौत

**बिलासपुर।** बेलगाम ट्रैक्टर एक्टिवा को टक्कर मारकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में एक्टिवा सवार दो लोगों की मौत हो गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, अमाली निवासी रवि कुमार पिता दुलारीराम यादव 40 साल, श्यामू भैना पिता मंगलराम भैना 40 साल रविवार को दोपहर 3 बजे एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 ईएच, 4328 से पोंड़ी से अपने गांव जा रहे थे। पोंड़ी के आगे सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 28 आर, 7762 के ड्राइवर ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। सिर में गंभीर चोट लगने से रवि कुमार यादव, श्यामू भैना की मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इसी तरह मस्तूरी बकरकुदा निवासी संदीप जांगड़े पिता हरप्रसाद जांगड़े तिफरा में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा है। रविवार की सुबह वह बाइक से लाखासार जा रहा था। नेहरू चौक के पास अज्ञात ट्रक के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### सिरगिट्टी में युवक ने की आत्महत्या

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, परन्तु किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट वहां नहीं मिला। पुलिस मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी के वार्ड क्रमांक 10 महिमा नगर निवासी गणेश रजक के मकान में अपने माता-पिता के साथ किराए पर रहने वाले युवक विक्की यादव पिता पुनीराम यादव उम्र 19 साल ने एक कमरे में फ़ासी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना सिरगिट्टी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के कमरे की तलाशी ली परन्तु किसी भी प्रकार का वहां कोई सुसाइड नोट नही मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है ।

### सड़क पर बर्थडे मनाते वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** सड़क पर केक काट कर बर्थडे मनाते दो युवक, दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस युवक युवतियों की पहचान कर रही है। रविवार को सोशल मीडिया में रतनपुर रोड कृषि महाविद्यालय के पास सड़क में दो युवक, दो युवतियों का केक काटकर आतिशबाजी करते गन लाइटर जलाकर हुड़दंग मचाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वहां से गुजर रहे राहगीर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया है। वीडियो में बाइक व एक्टिवा का नम्बर कैद हो गया है। सरकण्डा पुलिस युवक युवतियों की पहचान कर रही है।

### अवैध शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध शराब सहित एक कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना चौकी पुलिस को सूचना मिली कि टेंगनमाड़ा करवा में अवैध शराब बनाकर बिक्री की जा रही है। पुलिस ने गांव में दबिश देकर टेंगनमाड़ा करवा निवासी सफीक खान पिता हिकमत उल्ला खान 42 साल को पकड़कर उसके पास से 24 लीटर महुआ शराब, 200 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

---

**जमीन के रेट बढ़ने से रजिस्ट्री की संख्या पर असर** | **कम रजिस्ट्री के बाद भी खजाने में आए उतने ही पैसे**

# रजिस्ट्री की संख्या साढ़े तीन हजार कम, लेकिन कमाई भरपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच हुई रजिस्ट्री की संख्या से पिछले वित्तीय वर्ष में इसी अवधि में कराई गई रजिसट्रियों की संख्या से तुलना की जाए तो इसमें साढ़े तीन हजार तक की कमी दर्ज की गई है, जबकि इस कमी का असर राजस्व पर बिल्कुल भी नहीं पड़ा है।

सरकार को जिले से इस साल अब तक 247.63 करोड़ रूपए प्राप्त हो चुके हैं, जबकि बीते वर्ष भी इसी अवधि तक यह आंकड़ा 247. 75 करोड़ का ही था। साढ़े तीन हजार पक्षकारों ने अगर अपनी रजिस्ट्री कराई होती राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा कम से कम बीस करोड़ और अधिक होता। सरकार द्वारा जमीन की कीमतों में बढ़ोतरी करने के बाद रजिस्ट्री की संख्या में कमी हो सकती है, लेकिन इससे किसी भी तरह का फर्क सरकार को मिलने वाले राजस्व पर नहीं पड़ा है। अप्रैल 2024 से लेकर जनवरी 2025 की स्थिति में जिले में रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या 24 हजार 611 थी, जिनसे सरकार को 247 करोड़ 75 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अप्रैल 2025 से लेकर जनवरी 2026 तक जिले में कुल 20 हजार 985 लोगों ने ही जमीन की रजिस्ट्री कराई है, जो कि बीते साल की तुलना में 3 हजार 626 कम है। कमाई का आंकड़ा देखा जाए तो सरकार को इस अवधि तक 247 करोड़ 63 लाख की आमदनी हो चुकी है।



कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि सरकार के जमीन की कीमतों में बढ़ोतरी करने वाले निर्णय के बाद पक्षकारों को तो फर्क पड़ा है, लेकिन सरकार की कमाई पर इसका असर नहीं देखा जा रहा है। जमीन की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के बाद जमीन रजिस्ट्री की संख्या में काफी कमी दर्ज की गई है, लेकिन कम रजिस्ट्री बाद भी राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा बराबरी पर ही है।

### दो महीने से रेट कम होने का इंतजार ही कर रहे पक्षकार

सरकार द्वारा जमीन की कीमतों में इजाफा किया गया था, जिसे 20 नवंबर से प्रभावशील भी कर दिया गया था। इसके बाद प्रदेश स्तर पर लोगों के व्यापक विरोध के बाद शासन द्वारा कीमतों में बढ़ोतरी पर पुनर्विचार करते हुए पुनर्निर्धारण करने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए प्रदेश स्तर पर आपत्तियां एवं सुझाव भी मांगे गए थे। इसके कारण में जमीन खरीदने एवं बेचने वाले पक्षकारों में कीमतों में कमी को लेकर आस जागी थी, जिससे उन्होंने रजिस्ट्री के लिए फिलहाल इंतजार करना ही मुनासिब समझा था। यही कारण है कि बीते साल की तुलना में रजिस्ट्री की संख्या में इस साल करीब साढ़े तीन हजार की कमी दर्ज की गई है।

### इस साल 350 करोड़ का लक्ष्य

जिले को इस साल भी 350 करोड़ रूपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य दिया गया है। जिसके मद्देनजर राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा 247 करोड़ तक पहुंच चुका है, जबकि अभी वित्तीय वर्ष की समाप्ति को एक महीने से अधिक समय शेष हैं। बीते वित्तीय वर्ष में भी जिले को इतना ही टारगेट दिया गया था, जिसके मद्देनजर 316 करोड़ की राजस्व प्राप्ति कर ली गई थी।

### प्राप्त हो चुका है राजस्व

रजिस्ट्री की संख्या में भले ही कमी आई है, लेकिन अपेक्षित राजस्व प्राप्त हो चुका है। रजिस्ट्री की संख्या में कमी नहीं आई होती तो प्राप्त राजस्व में पंद्रह करोड़ से भी अधिक की और बढ़ोतरी हो चुकी होती। वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लक्ष्य प्राप्ति का पूरा प्रयास रहेगा।

**-आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

---

**ड्रीम इनक्लेव के हस्तांतरण और मूलभूत सुविधाओं की मांग तेज**

# कालोनी के बीच से अटल आवास का रास्ता देने का विरोध, लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर सरकंडा स्थित ड्रीम इनक्लेव कॉलोनी के रहवासियों ने रविवार को बीच कॉलोनी से अटल आवास (ईडब्ल्यूएस भवन) के लिए रास्ता देने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। कॉलोनी के लोगों ने कहा कि जब तक निगम द्वारा अटल आवास के लिए पृथक मार्ग, पानी, नाली और बिजली की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक कॉलोनी के भीतर से आवागमन की अनुमति नहीं दी जाएगी। रहवासियों का कहना है कि यदि बीच कॉलोनी से रास्ता दिया गया तो भविष्य में सुरक्षा और अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है, जिससे विवाद की आशंका रहेगी। कॉलोनाइजर-बिल्डर पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए यहां के लोग कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरने पर बैठ गए। आरोप है कि बिल्डर ने सरकारी जमीन को निजी बताकर बेचा है। धरने में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। रहवासियों ने बताया कि ड्रीम इनक्लेव एक पूर्ण विकसित कॉलोनी है, जिसे नगर निगम द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। कॉलोनीवासियों के अनुसार बिल्डर द्वारा अतिरिक्त विकास के लिए निगम को वांछित राशि भी जमा की जा चुकी है, ऐसे में कॉलोनी के अग्रिम विकास, रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी अब नगर निगम की है। यहां के लोगों ने बताया कि "ड्रीम इनक्लेव आवासीय सहकारी समिति मर्यादित" (पंजीयन क्रमांक 768) का गठन कर आंतरिक व्यवस्थाएं स्वयं संभालने की पहल की है। समिति का कहना है कि निगम द्वारा कॉलोनी के पिछले हिस्से में निर्मित ईडब्ल्यूएस (अटल आवास) भवन के आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए अलग मार्ग और सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

- **पिछले गेट पर ताला लगाने की कालोनीवासियों ने दी है चेतावनी**



अटल आवास के लिए रास्ता देने के विरोध में प्रदर्शन करते कॉलोनीवासी।

**कालोनीवासियों की यह है मांग**

- ड्रीम इनक्लेव कॉलोनी का विधिवत हस्तांतरण नगर निगम के पक्ष में किया जाए
- अटल आवास (ईडब्ल्यूएस भवन) के लिए पृथक मार्ग की व्यवस्था की जाए
- नाली, पानी और बिजली की अलग से स्थायी सुविधा सुनिश्चित की जाए
- पूर्व में स्वीकृत लेआउट के अनुसार ही निर्माण और मार्ग की व्यवस्था की जाए
- कॉलोनाइजर के खिलाफ उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए

### कॉलोनी से दी जा रही पानी की सप्लाई

रहवासियों का आरोप है कि ईडब्ल्यूएस भवन निर्माण के समय से ही पानी की आपूर्ति कॉलोनी की टंकी से की जा रही थी और मजदूरों व संबंधित लोगों का आवागमन भी कॉलोनी के पिछले गेट से होता रहा। अब जब आबंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है, तब भविष्य में संभावित विवादों से बचने के लिए कॉलोनीवासियों ने सर्वसम्मति से पीछे का गेट बंद करने का निर्णय लिया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि 29 जनवरी 2024 से ईडब्ल्यूएस भवन के लिए दिया गया अस्थायी पानी कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। साथ ही कॉलोनी के पिछले गेट पर सुरक्षा की दृष्टि से ताला लगाया जाएगा और किसी भी बाहरी अथवा अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा।

### ले आउट में बदलाव कैसे संभव हुआ

धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। उनका कहना है कि कॉलोनी के अंदर से अतिरिक्त रास्ता खुलने से बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस दबाव में कॉलोनाइजर और संबंधित अधिकारी कॉलोनी की मूल संरचना से छेड़छाड़ कर रहे हैं। महिलाओं ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते संज्ञान नहीं लिया, तो वे नगर निगम कार्यालय का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगी। इस पूरे मामले में निगम की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि बिना स्थानीय निवासियों की सहमति के लेआउट में बदलाव कैसे संभव हो गया। यदि लेआउट में संशोधन किया गया है, तो क्या उसकी सार्वजनिक सूचना जारी की गई।

### ताला तोड़ा जाएगा

ले आउट में जो रास्ता स्वीकृत है उसी हिसाब से काम होगा। कालोनी के पीछे गेट में जो ताला लगाया गया है उसे तोड़ा जाएगा। इस बारे में निगम आयुक्त ने आदेश कर दिया है।

**- अनुपम तिवारी**, भवन शाखा अधिकारी

---

**आपरेशन बंद, 17 मरीज कर रहे इंतजार**

# ओटी का संक्रमण हटाने में स्वास्थ्य विभाग नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में आंखों का आपरेशन बंद है। ओटी में बैक्टीरियल इंफैक्शन की वजह से 17 मरीज पिछले कई दिनों से आपरेशन का इंतजार कर रहे हैं। इसमें ऐसे भी मरीज हैं जो 2 माह से मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए नंबर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार ओटी के संक्रमण की रिपोर्ट पाजिटिव मिलने के बाद उन्हें इंततार करने के लिए कह दिया जाता है। यह ढर्रा पिछले डेढ़ माह से जारी है लेकिन ना तो जिला अस्पताल प्रबंधन ओटी की सही सफाई करा सका है और ना ही जिले के स्वास्थ्य अधिकारी इसपर ध्यान दे रहे है।

- **7 दिनों से फिर बंद है मोतियाबिंद का आपरेशन**

जिला अस्पताल में मोतियाबिंद का आपरेशन बंद है। इसका एक मात्र कारण महज आपरेशन थिएटर में गुणवत्तायुक्त सफाई नहीं होना है। पिछले डेढ़ माह से कई बार ओटी के संक्रमण की रिपोर्ट पाजिटिव मिली है, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन हाथ पर हाथ धरा बैठा है। हरिभूमि ने 11 फरवरी को इस बारे में समाचार प्रकाशित की थी, जिसके बाद महज 1 दिन ही आपरेशन किया गया है। इसके बाद से ओटी में पुनः संक्रमण पाया गया है, जिसके चलते आपरेशन बंद करा दिया गया है। दरअसल ओटी को अंदर से पेंट लगाया गया है, लेकिन ऊपरी व बाहरी दिवारों में सीपेज साफ तौर दिखाई देता है।

### 17 मरीज हैं भर्ती

खास बात यह है कि पिछले कई दिनों से जिला अस्पताल में आंखों का आपरेशन कराने के लिए मरीज भती है। गुरूवार को 17 मरीज अस्पताल में मौजूद थे, लेकिन इस दौरान आपरेशन नहीं किया गया है। मरीजों से बातचीत करने में पता चला कि वे पिछले दो माह से अस्पताल के चक्कर काट रहे है। उस दौरान कभी मरीजों की संख्या ज्यादा होने तो कभी ओटी के संक्रमण के कारण उन्हें लौटा दिया जाता रहा है।

### सीएमएचओ स्वयं ही नोडल अधिकारी है

सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ है और नोडल अधिकारी है। केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे अंधत्व निवारण योजना के तहत जिले के सैकड़ों बुजुर्गों का मोतियाबिंद आपरेशन किया जाना है, लेकिन जिला अस्पताल का ओटी हर बार पॉजिटीव आने के कारण बुजुर्ग मरीजों को भटकने की नौबत आ रही है

---

# आग से विभाग ने लिया सबक, अब सब स्टेशनों में लगेंगे अग्नि शामक यंत्र

**पिछले माह मोपका के 220 केवी सबस्टेशन में लगी थी भीषण आग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका स्थित 220 केवी सबस्टेशन में जनवरी में लगी 160 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर की आग की जांच रिपोर्ट आ चुकी है। विभाग ने आगजनी में किसी मानवीय त्रुटि होने की बात नहीं मानी है जबकि इसे तकनीकी चुक का नतीजा मान लिया है लेकिन अब आग बुझाने को लेकर विभाग सतर्कता बरतने की बात कह रहा है और सभी बड़े सबस्टेशनों में अग्नि शामक यंत्र लगाने की तैयारी की गई है।

- **जांच में मानवीय त्रुटि नहीं, मारसिलिंग व केबल के चलते लगी थी आग**

मोपका स्थित 220 केवी सबस्टेशन के 160 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर की आग के मामले में 3 सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट आ चुकी है। रिपोर्ट में ट्रांसफार्मर के मारसिलिंग के कारण आग की लपटें भंयकर हो चुकी है। दरअसल 30 साल पहले ट्रांसफार्मर के समीप ही मारसिलिंग लगाई जाती थी, जिसके चलते पुराने ट्रांसफार्मर में आग लगी थी, लेकिन विभाग ने डेढ़ माह में ट्रांसफार्मर और मारसिलिंग की दूरी बढ़ा दी है और अब इसके चलते आग लगने की नौबत नहीं आएगी। वहीं रिपोर्ट में मानवीय त्रुटि को लेकर कोई बात सामने नहीं आई है। विभाग ने आगजनी से सबक लेते हुए बड़े सबस्टेशनों में फायर एक्जीबिशन लगाने की तैयारी की है, इसके लिए लंबी दूरी के फायर सेफ्टी का उपयोग किया जाएगा। विभाग में 16 एक्जीबिशन खरीद लिए है, जिसे बड़े सबस्टेशनों में रखा जाएगा, जिससे आग लगने पर जल्द से जल्द आग पर काबू पाया जा सके और होने वाले नुकसान को कम किया जा सके हालांकि बिलासपुर में 50 सबस्टेशन संवेदनशील है, विभाग के अधिकारियों के अनुसार जल्द ही सभी में आग से बचने के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

### शटडाउन लेकर किया गया काम

पिछले डेढ़ माह से विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किया गया है, इसके लिए मारसिलिंग की दूरी बढ़ाई गई है और रखरखाव के लिए शटडाउन लेकर काम किया गया, जिसका परिणाम है कि डेढ़ माह में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर तैयार हो चुका है। गर्मी के दिनों में ओवरलोड और बैकअप जैसे काम इन्हीं ट्रांसफार्मर के सहारे लिए जा सकेगे।

### तकनीकी त्रुटि सामने आई है

रिपोर्ट में तकनीकी त्रुटि ही सामने आई है, किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा बरती गई लापरवाही नहीं है। हमने सबस्टेशन को आग से बचाने के लिए अग्नि शामक यंत्र मंगाए गए हैं।

**-कल्पना घाटगे**
एसई, सबस्टेशन

---

# कालोनी में घुस रहे ट्रक का डाला तार से टकराया, दो गंभीर

**बिलासपुर।** कानन पेंडारी के पास बने न्यू टाउन कालोनी में घुस रहे ट्रक का डाला बिजली के तार के संपर्क में आ गया, इससे पूरे ट्रक में करंट दौड़ गया। इस दौरान ट्रक का चालक बुरी तरह से झुलस गया, वहीं उसे बचाने के लिए गए व्यक्ति को भी गंभीर चोट आई है। दोनों का इलाज सिम्स में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि न्यू टाउन कालोनी में निर्माण कार्य जारी है। रविवार को ट्रक का चालक विजेन्द्र कौशिक पिता दिलीप कौशिक कालोनी के अंदर ट्रक ले जा रहा था। इस दौरान ध्यान भटकने के कारण वह बिजली के तौर पर गौर नहीं कर सका और ट्रक का डाला बिजली तारों के संपर्क में आने से उसके पैर और हाथ जल गए हैं, हालांकि उसे जैसे तैसे बचाया गया, लेकिन उसे बचाने के कारण राम प्रसाद यादव पिता खेलू राम यादव भी चपेट में आ गया। उसे भी करंट का झटका लगा है। दोनों को सिम्स में भर्ती किया गया है, जहां एमएम3 में इलाज जारी है। ड्राइवर की हालत खराब है जबकि राम प्रसाद की हालत स्थिर है।





# बाइक सवार दो युवक पिकअप से टकराकर घायल, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहन की सगाई में शामिल होने जा रहे बाइक सवार दो युवक पिकअप से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

पथरिया परसदा निवासी प्रदीप राजपूत पिता विष्णु राजपूत 33 साल ने बताया, वह सरकण्डा चिंगराजपारा में किराए के मकान में रहकर काम करता है। रविवार को उनके गांव के घर में बहन की सगाई कार्यक्रम था। उसमें शामिल होने के लिए वह अपने साथी सत्या राजपूत के साथ बाइक से गांव जा रहे थे। दोनों आपस में बातचीत करते जा रहे थे। बातचीत के दौरान पेण्ड्रीडीह चौक में सामने से आ रहे पिकअप को देख नहीं पाए और उनकी बाइक पिकअप उससे टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स लाकर भर्ती कराई है।





अस्पताल में भर्ती घायल।

---

### सत्यम चौक में सड़क पर गायों का झुंड



**बिलासपुर।** सत्यम टाकीज चौक पर सड़क पर ही गायों का झुंड बैठा नजर आता है, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि वाहनचालकों व गायों को भी चोट लगने का भय बना रहता है। चौक पर कई होटल एवं भोजनालय हैं, जहां बाहर सड़क पर रखे डस्टबिन में खाद्य सामग्री को खाने की लालच में गायों का झुंड यहां पहुंचता है, लेकिन यहां से यह झुंड आगे जाकर सड़कों पर ही बैठ जाता है। यह मार्ग लिंक रोड है, जिससे वाहनों की चौबीसों घंटे आवाजाही होती रहती है। यहां बीच सड़क पर मवेशियों के खडे रहने से दुर्घटना का भय बना रहता है।

# बिना खंबा हटाए बन रही सड़क

**बिलासपुर।** तोरवा से राजकिशोर पहुंच मार्ग पर इन दिनों सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन इस दौरान नियमों को ताक पर रख दिया गया है। सड़क चौड़ीकरण से पहले बिजली पोल और खंबों की शिफ्टिंग नहीं की गई है, ऐसे में हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

सड़क चौड़ीकरण से पहले खंबें अनिवार्य तौर पर हटाए जाते हैं, लेकिन गुरूनानक चौक से मोपका, छठघाट, बजरंग चौक, स्मृति वन जैसे राजकिशोर नगर के इलाके में नगर निगम और बिजली विभाग लोगों की सुविधाओं को अनदेखा कर निर्माण कार्य करा रहा है। दरअसल सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है लेकिन इससे पहले खंबे जस के तैस दिखाई दे रहे है। ऐसे में सड़क बनने के बाद खंबों से हादसा होने का खतरा बना रहेगा हालांकि बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि निगम द्वारा फंड देरी से दिया गया है। जिसके चलते खंबे नहीं हटाए गए है, वहीं निगम द्वारा सड़क बनाई जा रही है। इससे हर आने जाने वालों को समस्या होना तय है, साथ ही निगम के काम की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।



### दिन भर उड़ती है धूल

निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य के कारण सड़क से चलना दूभर हो चुका है। दिन भर सड़क पर धूल उड़ रही है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि निगम द्वारा पानी का छिड़काव किया जाता है, लेकिन यह नाकाफी होता है। धूप पड़ते ही पानी सूख जाती है और सड़क पर दोबारा धूल का गुबार उड़ता है।

---

# नए रूट पर फ्लाइट का इंतजार खत्म नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट को 5 साल बाद नाइट लैंडिंग की सुविधा मिल चुकी है। इसके साथ ही एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर ने समर शेड्यूल जारी कर दिया है, लेकिन शहरवासियों के लिए नई फ्लाइट नहीं मिल सकी है। हफ्ते में एक ही फ्लाइट से गुजारा करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि मेट्रो सिटी तक रोजाना एक फ्लाइट की मांग लंबे समय से चल रही है जिस पर इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

राज्य के दूसरे सबसे बड़े शहर में सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट का सपना अभी भी हवा में है, हालांकि 2021 में बिलासा एयरपोर्ट की स्थापना के बाद अब नाइट लैंडिंग का ट्रायल हो चुका है, जिससे साफ है कि अब रात्रिकालीन हवाई सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी, लेकिन अभी भी शहरवासियों का संघर्ष खत्म नहीं हो सका है। शनिवार को एयरलाइन्स कंपनी ने समर शेड्यूल जारी किया है। इसमें प्रयागराज, जबलपुर, कोलकता, अंबिकापुर और दिल्ली के लिए हफ्ते में एक दिन की फ्लाइट है। सभी फ्लाइट पिछले 3 से 4 सालों से चल रही है, एयरलाइन्स कंपनी इसी रूट पर कभी फ्लाइट बढ़ाती है और कभी घटा देती है जबकि शहरवासियों की मांग मेट्रो सिटी के साथ ही हैदराबाद, बैंगलोर, पुणे की फ्लाइट शुरू करने की है लेकिन इस ओर राज्य सरकार और अलायंस एयर ध्यान नहीं दे रही है।




**सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट भी हवा में लटकी**

## खबर संक्षेप

### मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



बलरामपुर। मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन नग बैल बरामद करने के साथ ही उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। चांदो पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति ग्राम नावाडीह कला, पियारटोली के रास्ते से पैदल 3 बैल को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हाकते हुए बूचड़खाना झारखंड बॉर्डर की ओर ले जा रहे हैं। सूचना के बाद चांदो पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की गई इस दौरान दो लोग मवेशियों को मारते पीटते व हाकते हुए झारखंड ले जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मौके से ग्राम धनजी निवासी सुरेंद्र काशी व ग्राम करचा निवासी कपिल देव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 10, छत्तीसगढ़ कृषि पशु, परिरक्षण अधिनियम 2004 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कीटनाशक छिड़काव करने के बाद लापरवाही बरतने से गई ग्रामीण की जान

अम्बिकापुर। कीटनाशक छिड़काव करने के बाद सही तरीके से हाथ नहीं धोने तथा ढोढ़ी में दोनों हाथ से पानी पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोरजा निवासी परमेश्वर राम आ. स्व. रामधन (39 वर्ष) 19 फरवरी को खेत में लगी धान की फसल में कीटनाशक छिड़काव करने गया था। फसल में कीटनाशक छिड़काव करने के बाद शाम को घर आया और उल्टी करने लगा। परिजन ने पूछताछ की तो परमेश्वर ने बताया कि फसल में कीटनाशक छिड़काव करने के बाद सही तरीके से हाथ नहीं धोया और ढोढ़ी में दोनों हाथ से पानी पिया था। जिसके कुछ समय बाद उल्टी होने लगी। परिजन पानी के साथ कीटनाशक पेट में चले जाने पर तत्काल ग्रामीण को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### हाईस्कूल मुख्य परीक्षा में पहले दिन शामिल हुए 9359 परीक्षार्थी

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत दिनांक 21 फरवरी को हिन्दी विषय की परीक्षा जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। हाईस्कूल परीक्षा से संबंधित पंजीकृत कुल 9637 परीक्षार्थी थे जिसमें परीक्षा में 9359 सम्मिलित हुए, वहीं 278 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण किए गए प्रमुख केन्द्रों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केदारपुर, कन्या दरिमा, बालक दरिमा, सखौली, धौरपुर, जोरी, डूमरडीह, पडौली, पुहपुटरा, कन्या लखनपुर, उदयपुर, कन्या सीतापुर, प्रतापगढ़, बालक बतौली, कन्या बतौली, क्रिश्चियन सूर्यापारा सीतापुर एवं डी. हिलाक्स पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर शामिल हैं। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलिबा, गांधीनगर, कन्या शिक्षा परिसर केदारपुर, सेंट जेवियर्स एवं होलीक्रास कॉन्वेंट विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। सभी केंद्रों में परीक्षा निर्धारित समयानुसार, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित होना पाया गया। डीईओ द्वारा होलीक्रास कॉन्वेंट विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों के आधार आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र शत-प्रतिशत तैयार कराना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक असुविधा का सामना न करना पड़े।

### दो दिन में 600 टन गन्ने की आवक शक्कर कारखाना में बंद हुई पेराई

अम्बिकापुर। मां महामाया शक्कर कारखाना में रविवार से गन्ने की खरीदी एवं पेराई सत्र का समापन कर दिया गया। कारखाना प्रबंधन ने अंतिम नोटिस जारी कर शनिवार तक ही किसानों का गन्ना खरीदने की सूचना दी थी लेकिन रविवार को भी किसानों का गन्ना खरीदा गया तथा अंतिम दिन पांच घंटे तक कारखाने का संचालन हुआ। इस बार प्रारंभ से ही कम गन्ने की आवक होने के कारण मां महामाया शक्कर कारखाना प्रबंधन को विपरीत परिस्थितियों से जूझना पड़ा। खास बात है कि इस बार कारखाना को तीनों सत्र में चलाने की क्षमता के अनुसार एक दिन भी गन्ना उपलब्ध नहीं हो सका। गन्ने की कम आवक को देखते हुए जिला प्रशासन ने गुड़ एवं खाड़सारी उद्योगों पर सख्ती की इसके बावजूद गन्ने की आवक नहीं बढ़ी।

## रंगों के पर्व होली को लेकर सजने लगे बाजार

# होलिका दहन 2 मार्च को, 3 को धुलेंडी पर खेल सकेंगे रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



होली खेलने की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार होली का त्योहार 2 और 3 मार्च को मनाया जाएगा। पहले दिन यानी 2 मार्च सोमवार को होलिका दहन होगा, जबकि मंगलवार यानी 3 मार्च को धुलेंडी पर रंग खेला जाएगा। होलिका दहन 2 मार्च की शाम 6 बजे से रात 8:12 बजे के मध्य (प्रदोष काल में) करना श्रेष्ठ रहेगा। इस बार 3 मार्च को चंद्र ग्रहण भी रहेगा,3 मार्च को शाम 6.50 बजे पूर्णिमा तिथि समाप्त हो जाएगी, जबकि सूर्यास्त 6:25 बजे होगा। सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल आता है, लेकिन तब तक पूर्णिमा खत्म हो चुकी होगी, इसलिए उस समय होलिका दहन संभव नहीं है। इससे होलिका दहन 2 मार्च की रात भद्रा पुच्छ में किया जा सकता है, जिसका समय 1.26 बजे से 2.38 बजे तक रहेगा। इस आधार पर धुलेंडी पर्व 3 मार्च को मनेगा। हालांकि राजस्थान व गुजरात जैसे राज्यों में सूर्यास्त देर से होता है और वहां सूर्यास्त के समय पूर्णिमा तिथि बनी रहती है, इसलिए वहां 3 मार्च को ही होलिका दहन कर सकते हैं। इसके अलावा 2 मार्च को शाम 5:56 बजे पूर्णिमा तिथि शुरू हो जाएगी, जो कि अगले दिन यानी 3 मार्च को शाम 6:50 बजे तक रहेगी, जबकि इस दौरान सूर्यास्त नहीं होगा। इसलिए प्रदोष काल भी लागू नहीं होगा। इससे होलिका दहन 2 मार्च सोमवार को ही करना श्रेष्ठ रहेगा। शास्त्रों में होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा को भद्रा रहित करना बताया गया है। इस बार फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी शाम 5:55 तक ही रहेगी। इसके बाद पूर्णिमा तिथि लग जाएगी। ऐसे में प्रदोष काल में पूर्णिमा 2 मार्च को ही होने से होलिका पर्व इसी दिन मनाना उचित रहेगा। इस दिन भद्रा शाम 5:56 बजे से अगले दिन मंगलवार सुबह 5:32 बजे तक रहेगी। इस बार 3 मार्च को उदय होता हुआ चंद्र ग्रहण भी दिखाई देगा, जिससे धुलेंडी पर्व पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

#### ग्रहण काल 18 मिनट ही रहेगा

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार धुलेंडी 3 मार्च मंगलवार को मनाई जाएगी। चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर बाद 3:20 बजे शुरू हो जाएगा ग्रहण का मोक्ष शाम 6:46 बजे होगा। इस दिन चंद्र उदय शाम 6:32 बजे और ग्रहण का समापन 6:46 बजे होगा, जिससे ग्रहण काल मात्र 18 मिनट का रहेगा। सूतक मंगलवार सुबह 6:20 बजे से लागू होगा। ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और सिंह राशि में बनेगा और भारत में दिखाई देगा। चंद्रग्रहण होने से होलिका दहन 2 मार्च को एक दिन पहले ही करना शुभ रहेगा। इसी तरह धुलेंडी 3 मार्च को मनाना श्रेष्ठ होगा।

## बोर्ड परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र के बाहर तिलक लगाकर बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

परीक्षा से पहले प्रेरणा का स्पर्श संजीवनी की तरह हो सकता है। यही उद्देश्य रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा परीक्षा केंद्रों के बाहर कार्यकर्ताओं ने 10वीं बोर्ड के परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने, सकारात्मक सोच बनाए रखने और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने का संदेश भी दिया गया।

कुछ दिनों से देखा जा रहा था कि कोरबा जिला मैं बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थी तनाव ग्रसित नजर आ रहे थे इसे ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने के पूर्व मस्तक पर तिलक लगाया गया। विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का तनाव कम कर उनमें उत्साह और आत्मबल का संचार करना था। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र की भविष्य की शक्ति हैं और उनकी सफलता समाज एवं देश की प्रगति का आधार है। पैरेंट्स ने भी इस पुनित कार्य की सराहना की। इस पूरे आयोजन से वातावरण उत्साह, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

## जल, जंगल, जमीन बचाने छग आदिवासी विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



करतला व कोरबा कोल ब्लॉक के आवंटन के विरोध में आज छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। परिषद ने साफ शब्दों में कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में कोयला खनन की अनुमति देना यहां के लोगों के अस्तित्व, आजीविका और संस्कृति पर सीधा खतरा है। ज्ञापन में बताया गया कि इस क्षेत्र के अधिकांश परिवार खेती, लघु वनोपज और परंपरागत संसाधनों पर निर्भर हैं। यदि खनन शुरू होता है तो सबसे पहले जंगल कटेंगे, जल स्रोत प्रभावित होंगे और जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होगी। इससे ग्रामीणों के सामने विस्थापन, बेरोजगारी और सामाजिक असुरक्षा जैसी गंभीर समस्याएं खड़ी होंगी। परिषद ने यह भी आशंका जताई कि खनन से प्रदूषण बढ़ेगा, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। धूल, पानी की कमी और सड़क हादसों की समस्या भी बढ़ सकती है। इस अवसर पर जिला महासचिव राम मूरत कंवर, महिला प्रभाग की ललिता सिंह और शिवानी धनवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि विकास के नाम पर आदिवासी समाज को उजाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि प्रशासन ने जनभावनाओं को नजरअंदाज किया तो समाज व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## आरएसएस ने पदविन्यास, नियुद्ध और दण्डयुद्ध का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर स्तर पर द्वितीय शारीरिक प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. राजेन्द्र नगर दशहरा मैदान में किया गया। रविवार की सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे तक हुए इस कार्यक्रम में 22 शाखाओं से कुल 246 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

**खास बात**

- 246 स्वयंसेवकों ने दशहरा मैदान में दिखाया जौहर



दण्डयुद्ध का प्रदर्शन करते आरएसएस।

शारीरिक प्रतियोगिता के अंतर्गत यह आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें अलग-अलग शाखा के स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण के आधार पर पदविन्यास, दंड युद्ध और नियुद्ध का प्रदर्शन किया। उन्होंने इसमें अपना कौशल और अनुशासन के साथ समयबद्धता भी प्रदर्शित की। इसके माध्यम से साहस और पराक्रम के गुणों का विकास करने पर जोर दिया। सभी प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए आंतरिक व्यवस्था की गई। अलग-अलग चरण में अंकों की व्यवस्था की गई और इसके निर्धारण से श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले 3 समूह को पुरस्कृत किया गया। नगर शारीरिक प्रमुख शत्रुहन प्रसाद ने बताया कि शताब्दी वर्ष में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिला से लेकर नगर स्तर पर की जा रही है। इन सभी के साथ बेहतर उद्देश्य को शामिल किया गया है। स्वयंसेवकों की अभिरूचि और कौशल उन्नयन को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रशिक्षण संबंधी कार्यक्रम करने का नियम है। हमारी कोशिश है कि इस निरंतर को बनाया रखा जाएगा। अंतिम चरण में भारत माता की वंदना के साथ समापन हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से विभाग संघचालक सत्येन्द्र नाथ दुबे, विभाग कार्यवाह रामविलास पाल, उपनगर संघचालक अमृतलाल बत्रा, आशीष श्रीवास्तव, नगर कार्यवाह प्रोफेसर मृगेश यादव, भोजराम देवांगन और स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## जलकुंभी से पटने लगा तालाब, लोगों के निस्तारी पर मंडरा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जलकुंभी से अटा सरोवर।

बालको नगर के वार्ड क्रमांक 39 भदरापारा के साडा कॉलोनी व वार्ड क्रमांक 41 भदरापारा स्थित तालाब में जलकुंभी के चलते अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। तालाब का पानी नजर ही नहीं आ रहा है, जलकुंभी के चलते तालाब घास व कचरे का मैदान नजर आने लगे हैं। तालाब में गंदे पानी के नए स्त्रोत भी छोड़े जा रहे हैं। तालाब में प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अन्य कचरा इतनी मात्रा में फेंका जा रहा है कि पूरे तालाब में जलकुंभी के कारण हरी चादर दिखाई देती है। यहां का पानी वर्तमान में इतना गंदा हो गया है कि तालाब का पानी दुर्गंध दे रहा है। बताया जा रहा हैं की इन बड़े तालाब में पहले पानी लबालब भरा था पर जलकुंभी की अधिकता और लोगों द्वारा कूड़ा-कचरा इसमें फेंकने से इसका पानी गन्दा होता गया। जिम्मेदारों द्वारा भी तालाबों की साफ-सफाई के लिए कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है, सालभर से तालाब की सफाई कराने ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तालाब का पानी निस्तारी के लायक नहीं रहा। तालाब का पानी गंदा होने से नहाने पर खुजली होती है। क्षेत्र के लोगों ने तो अब तालाब में नहाना ही छोड़ दिया है। इसके बावजूद तालाब की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। साथ ही तालाब से लगें हुए बस्तीयों के बाथरुम के पानी के निकासी को लोगों द्वारा तालाब में ही डाला जा रहा है व घर के गंदगी-कचरा को भी तालाब के पास ही फेंक देते हैं इसके चलते भी पानी दूषित होता है जिन पर नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाता।

## पीएससी परीक्षा देने अभ्यर्थियों में दिखा उत्साह, 3 जिलों में शामिल हुए 5929

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



परीक्षार्थी की जांच करते पुलिस।

रविवार को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रारंभिक पीएससी परीक्षा का आयोजन किया गया। सरगुजा के साथ ही सूरजपुर और बलरामपुर जिले में सीजीपीएससी के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। तीनों जिलों के 18 केन्द्रों में हुई परीक्षा में कुल 5 हजार 929 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 1 हजार 627 अभ्यर्थी अनुपस्थित हुए।

बता दें कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 22 फरवरी को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन प्रदेश भर में किया गया था। सरगुजा संभाग की बात की जाए तो जिला मुख्यालय में पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए कुल 12 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केन्द्रों में सुबह से ही अभ्यर्थी पहुंचने शुरू हो गए थे। इस दौरान अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर सहित अन्य गहन जांच से गुजरना पड़ा। पीएससी परीक्षा के लिए सरगुजा जिले से कुल 5601 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे। जिनमें से प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान

4515 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1088 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में भी 5601 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 4460 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 1141 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पीएससी परिक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष अभ्यर्थियों को पेपर थोड़ा कठिन लगा तो वहीं पहली बार परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों ने कहा कि पेपर उनकी पढ़ाई के अनुरूप ही आया था।

## सोसायटियों में नहीं पहुंच पाया चावल, हितग्राही हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर



सरकार एक तरफ प्रदेश में चावल उत्सव मना रही है तो वहीं दूसरी ओर सरगुजा जिले में पीडीएस व्यवस्था ध्वस्त होती नजर आ रही है। आलम यह है कि जिले के ज्यादातर उचित मूल्य दुकानों में चावल नहीं पहुंच पाया है कहीं भंडारण कम होने के कारण एक माह का ही राशन प्रदान किया गया। ऐसे में हितग्राहियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर जिले के खाद्य विभाग के आला अधिकारी भी इस समस्या पर विशेष ध्यान नहीं दे रहे है।

बता दें कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पिछले सात महीनों से हितग्राहियों को चना नहीं मिल पा रहा था। सप्लाई की कमी के कारण हितग्राही चना नहीं ले पाए तो कभी चना आया भी तो एक दो माह का ही मिला। पिछले महीनों का बकाया चना हितग्राहियों को प्रदान नहीं किया गया वो वहीं अब जिले में चावल की शॉर्टेज हो गई है। पिछले एक महीने से हितग्राहियों को चावल नहीं मिल रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि गोदामों में चावल का स्टॉक जमा नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि सरगुजा जिले में प्रतिमान 63 हजार 491 क्विंटल चावल, 2 हजार 568 क्विंटल शक्कर, 4 हजार 700 क्विंटल चना और 4 हजार 706 क्विंटल नमक का आबंटन हितग्राहियों को किया जाता है लेकिन इस बार सोसायटी में चावल पहुंचा ही नहीं है। इसे लेकर अधिकारियों का कहना है की फोर्टीफाइड चावल का भंडारण नहीं होने के कारण उचित मूल्य दुकानों क्त सप्लाई नहीं हुआ है। ऐसे में हितग्राहियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्कूल और अस्पताल...

मामले को लेकर अब प्रशासन की भूमिका पर नजरें टिकी हैं। क्या आवश्यक विभागीय अनुमति ली गई है? क्या पर्यावरण मानकों का पालन हो रहा है? ग्रामीणों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है ताकि स्कूल अस्पताल और बस्ती के बीच हो रही डंपिंग पर समय रहते नियंत्रण लगाया जा सकता है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट...

प्रदान किए गए। साथ ही जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की बड़ी मौजूदगी के बीच सहयोग देने वाले सदस्यों को भी स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। दर्शकों ने शानदार व्यवस्थाओं और अनुशासित आयोजन के लिए अदाणी फाउंडेशन की खुले दिल से प्रशंसा की। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उमंग, प्रतिस्पर्धा और खुशी का जो माहौल दिखा जिससे क्षेत्र में उत्सव जैसा और यादगार पल बन गया। अदाणी फाउंडेशन के इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि कम्युनिटी फर्स्ट की भावना के साथ संस्था स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कोरबा क्षेत्र के समग्र और सतत विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य और अधोसंरचना विकास में विशेष कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा के माध्यम से प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा को सुलभ और किफायती बनाने के बजाय लगातार छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का काम कर रही है। मंडल द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार नियमित परीक्षा शुल्क लगभग 460 से बढ़ाकर करीब 800 तथा आवेदन शुल्क 80 से बढ़ाकर 150 सहित कुल लगभग 22 प्रकार के शुल्कों में वृद्धि की गई है, जिससे छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव पड़ेगा। इस दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौबे, देवेंद्र यादव, हेमंत केवट,जिला महासचिव रवि पटेल,कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष एनएसयूआई, आकाश पटेल, कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष सौरभ,सचिन, अर्जुन सिंह, सोनू, मुकुल,नरेश पटेल,रजनीश कमरों, दुर्गेश, तरुण, नवीन पटेल, गौरव कुमार ,नूतन,देवनाथ, अनिकेत, सूरज नेताम, धनंजय राठौर, खगेश, सूरज, चंद्रिका आदि एनएसयूआई के पदाधिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कला-कौशल को जिंदा रखने बंसोड़ों की कोशिश जारी



**कोरबा।** भारत के कई राज्यों को ऊर्जा आपूर्ति करने वाला कोरबा शहर, अपनी औद्योगिक चमक के पीछे कई अनछुही संस्कृति को सहेज कर रखता है। शहर के सीतामढ़ी के पास स्थित बसोर मोहल्ला, जहां बांस के छाल को बारीकी से उतार कर रोजमर्रा के उपयोगी सामान बनाते हुए बुजुर्ग कारीगरों की एक छोटी सी टोली रोज नजर आती है। सड़क किनारे छोटे-छोटे कारीगरों के समूह में बांस के सूप, टोकरी, पर्रा और विभिन्न घरेलू वस्तुएं देखते ही बनती हैं। बांस का कार्य कर रहे भैयालाल ने बताया कि बांस का काम हमारा जातिगत पेशा है पर आज बांस की कीमत बढ़ गई है। दिन भर मेहनत करने पर दो-तीन सूप बनाते हैं और उससे केवल 200 रुपये ही कमाते हैं। हमारे आज की पीढी अब इसमें रुचि नही रखते। इसी तरह गोलन बसोर ने बताया कि एक झोपड़ी के नीचे बांस के उत्पाद तैयार करते हैं, हम बुजुर्ग हो गए हैं, बच्चे मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं। यहां बांस का काम करके दो-पांच पैसा ही मिलता है नई पीढ़ी इसे सीखना नहीं चाहती इसलिए भविष्य में बांस के सूप और टोकरी कम ही दिखेगा।

### केंद्र सरकार के खिलाफ बीएमएस ने खोला मोर्चा, मनाएंगे विरोध दिवस

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा 25 फरवरी को पूरे देश में विरोध दिवस मनाया जाएगा। इस दिन बीएमएस यूनिट्स सभी जिला हेडक्वार्टर पर धरने और प्रदर्शन करेंगी ताकि केंद्र और राज्य सरकारों पर अलग-अलग सेक्टर और इंडस्ट्री के वर्कर्स की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करने के लिए दबाव डाला जा सके। जनरल सेक्रेटरी सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि बीएमएस ने सरकार के सामने निरंतर कई ज़रूरी मुद्दे उठाए हैं, लेकिन जवाब ठंडा और नाकाफी रहा है। लाखों मिड-डे मील वर्कर्स और आशा वर्कर्स को अभी भी बहुत कम मानदेय मिल रहा है। पांच दशकों की सेवा के बाद भी आंगनवाड़ी वर्कर्स को अभी भी सिर्फ स्कीम वर्कर्स माना जाता है जबकि उन्हें लगातार बढ़ते काम के बोझ के साथ दिन में 10 घंटे से ज़्यादा काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। महिला और बाल विकास मंत्रालय उनका मानदेय बढ़ाने में आनाकानी कर रहा है जबकि लगातार अतिरिक्त ज़िम्मेदारियां दे रहा है। सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि आठ राज्यों में नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पोरेशन मिल्स के वर्कर्स को महामारी के बाद से सिर्फ़ 50 प्रतिशत सैलरी मिल रही है और पिछले 10 महीनों से सैलरी पेंडिंग है। रांची में हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन के एम्प्लॉइज को पिछले 32 महीनों से सैलरी नहीं मिली है। यही हाल कई दूसरी यूनिट्स का भी है। ईपीएस-95 के तहत मिनिमम पेंशन 1 हजार रुपए में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे लाखों पेंशनर्स को बहुत मुश्किल हो रही है। बैंक एम्प्लॉइज भी हफ़्ते में पाँच दिन काम करने के लिए आंदोलन करने को मजबूर हैं।

# जनपद पंचायत करतला के अधिकांश कर्मचारी नही रहते हैं मुख्यालय में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

अलग खबर

करतला विकासखण्ड में अधिकतर विभागों के अधिकारियों की मनमानी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अक्सर अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही करते नजर आते हैं। मामला है जनपद पंचायत करतला का जहां अधिकांश कर्मचारी अपने मुख्यालय में निवास नहीं करते हैं और बाहर से ही ड्यूटी आना जाना करते हैं जबकि कर्मचारियों के लिए सरकारी आवास की व्यवस्था करतला में है उसके बावजूद अधिकांश कर्मचारी बाहर से ही आना जाना करते हैं। मुख्यालय में निवास नहीं करने व लेट से डयूटी आने के कारण जनपद क्षेत्र के बहुत सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। राज्य की महत्वपूर्ण क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत होता हैं जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन जनपद पंचायत के माध्यम से किया जाता हैं। अनेक योजनायें जैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जन्म-मृत्यु संबंधित जानकारी, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय संबंधित जानकारी, मनरेगा संबंधित जानकारी, श्रद्धांजलि योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, राशन कार्ड की जानकारी आदि कार्य संचालित होते हैं लेकिन जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निष्क्रियता व मुख्यालय में नहीं रहने से कार्य काफी हद तक प्रभावित हो रहा है। जबकि अधिकारी कर्मचारियों को अपने मुख्यालय या मुख्यालय से 8 किलोमीटर के अंदर निवास करने का नियम हैं। मुख्यालय में निवास नहीं करने के कारण कभी भी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते हैं। करतला जनपद अंतर्गत 78 ग्राम पंचायत आते हैं जहां शासन की समस्त योजनाओं की मॉनिटरिंग व समीक्षा करने व पंचायतों में निर्माण व विकास संबंधी कार्यों को निर्धारित समय मे पुरा करवाने की जिम्मेदारी जनपद पंचायत की होती है लेकिन जब अधिकारी कर्मचारी खुद कर्तव्य के प्रति लापरवाह हो पंचायतों में कार्य समय से पूरा कहां से हो।

## मुख्यालय से 8 किलोमीटर निवास करने का है नियम

**खास बात**

- जनपद पंचायत कार्यालय से निराश होकर पड़ रहा लौटना




### मुख्यालय से नदारत रहते हैं एसडीओ

कार्यालय में पूछने पर पता चलता हैं कि अनुविभागीय अधिकारी हमेशा फिल्ड में रहते हैं पर कभी कहीं भी फिल्ड में नजर नहीं आते और ना ही उनका फोन लगता हैं जबकि पूरे क्षेत्र में मोबाइल का कवरेज रहता हैं। अनुविभागीय अधिकारी कोरबा से आना जाना करते हैं और सप्ताह में सिर्फ एक दिन महज कुछ घंटे कार्यालय में बैठकर रवाना हो जाते हैं। जिससे विभाग के कार्य काफी प्रभावित हो रहे हैं। किसी अधिकारी के इस तरह से मनमानी तरीके से शासकीय सेवा में होते हुए मुख्यालय में निवास नहीं करना कही न कहीं शासकीय कार्य मे लापरवाही की श्रेणी में आता है।

## कोयलांचल की श्रमिक राजनीति में बड़ा उलटफेर

# एटक के 75 सदस्य सामूहिक इस्तीफा देकर एचएमएस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


एचएमएस का दामन थामते हुए एटक के पदाधिकारी।

कोयला क्षेत्र की श्रमिक राजनीति में एक बड़ा बदलाव सामने आया है। एटक से जुड़े 70-75 सदस्यों और पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देकर हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस सामूहिक निर्णय में एटक दीपका के एरिया अध्यक्ष जीत सिंह, यूनिट अध्यक्ष मनमीत सिंह तथा सेफ्टी मेंबर राम नारायण राजवाड़े प्रमुख रूप से शामिल रहे। बताया जा रहा है कि इस बदलाव में एचएमएस के यूनिट जेसीसी राजकुमार राठौर की रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रगति नगर स्थित स्नेह मिलन भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एटक से जुड़े पदाधिकारियों ने कोयला मजदूर सभा के जयघोष के साथ एचएमएस का दामन थामा। कार्यक्रम में एचएमएस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं स्टीयरिंग कमेटी सदस्य रेशम लाल यादव ने तरुण राहा के साथ सभी नए सदस्यों को अंगवस्त्र और फूलमाला पहनाकर संगठन की सदस्यता दिलाई। रेशम लाल यादव ने कहा कि एचएमएस हमेशा मजदूरों के अधिकार, सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए साथियों के जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि श्रमिक समस्याओं के समाधान में एचएमएस अन्य यूनियनों से आगे रहा है। एचएमएस के महामंत्री तरुण राहा ने कहा कि मजदूरों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने संगठन की नीतियों को श्रमिक हितैषी बताते हुए सभी नए सदस्यों का स्वागत किया। वहीं एटक छोड़कर एचएमएस में शामिल हुए जीत सिंह ने कहा कि मजदूरों के व्यापक हित और उनकी समस्याओं के प्रभावी समाधान को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने साथियों के साथ यह निर्णय लिया है। उनका कहना था कि एचएमएस के माध्यम से श्रमिकों की आवाज को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन वेलफेयर मेंबर एस.डी. तिवारी ने किया।

# हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान के रूप में मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाते विधायक एवं अन्य।

**खास बात**

- भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का आयोजन

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ विजय राठौर के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिवस को हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जयसवाल, कोरबी सरपंच विजय सिंह धनुहार की उपस्थिति में मनाया गया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित हितग्राही संपर्क एवं सम्मान अभियान ने पूरे जिले में जन-जन को शासन की लोक-कल्याणकारी नीतियों से जोड़ने का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भिलाईबाजार मंडल के ग्राम पंचायत भलपहरी में उत्सव का माहौल रहा, जहाँ शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान किया गया। हरदीबाजार मंडल के ग्राम कोरबी में मातृशक्ति के अभिनंदन हेतु महतारी सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जहां सैकड़ों माताओं-बहनों का सम्मान किया गया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी सरकार की योजनाओं ने गरीब, किसान और मातृशक्ति के जीवन में वह वास्तविक परिवर्तन लाया है जिसका सपना अंत्योदय की अवधारणा में देखा गया था। विधायक श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जनता का अटूट विश्वास ही भाजपा की असली ताकत है और हमें अंतिम व्यक्ति तक इस सेवा भाव को पहुंचाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए इसे सेवा का महायज्ञ बताया। कार्यक्रम को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय राठौर, जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भिलाईबाजार मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज ध्रुव, अमरनाथ कौशिक महामंत्री, संजय राठौर, विनोद कंवर, छोटेलाल पटेल, रामेश्वर सोनी, यग्वेंद्र सोनी, जनक राम पटेल, राजेश पटेल, नीलकंठ, श्रवण यादव शशि साहू, हितेश साहू, विजय सिंह धुन्हार (सरपंच), ममता मौसम राठौर, शेखर चौहान, गोपाल राठौर, दिनेश वाजपेयी, मंजू ओगरे, जयंती बाई, साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सत्संग स्पर्धा में दिखा भक्ति का रंग



स्पर्धा के दौरान मंचस्थ अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अम्बेडकर भवन कटघोरा में एकल अभियान की श्री हरि कथा योजना के अंतर्गत अंचल स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराम देवांगन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हस्त करघा विकास एव विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर, अध्यक्षता अश्वनी मिश्रा एकल अभियान बीएमएस, विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ राजीव गुप्ता राष्ट्रीय स्वयं संघ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे अभियान प्रमुख किताब सिंह के द्वारा आयोजन के सम्बंध में उपस्थित सदन को अवगत कराया गया। ततपश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराम देवांगन ने बताया कि एकल अभियान द्वारा संचालित श्री हरि कथा योजना भारतीय संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास, मंच संचालन क्षमता और धार्मिक ज्ञान का विकास करती हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि सत्संग केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम है। प्रतियोगिता में विभिन्न ग्रामों एवं नगरों से आए प्रतिभागियों ने भक्ति संस्कृति और नैतिक मूल्यों से ओतप्रोत के सांथ श्री हरि कथा, भजन, प्रवचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रस्तुति की विषयवस्तु, उच्चारण, भावाभिव्यक्ति एवं मंच संचालन के आधार पर मूल्यांकन किया गया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद पवन अग्रवाल, अजय गर्ग, राजेश्वरी जात्रा, अनुराग तिवारी, गोपाल गोस्वामी, मनोज नायडू, अजय धनोंदिया, नवीन गोयल, स्नेहलता पटेल, पारस योगी, संतोष साहू, जे एस मानसर, किताब सिंह पैकरा बालको, पाली पौड़ी, गुरसिया, चैतमा, रजकम्मा, बांकीमोंगरा, दीपका, जटगा, कोरबा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैल ने दीवार को मारी ठोकर, भर भराकर गिरी, दबने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक महिला के घर के कोठार के समीप चना सुखाया गया था जब बैल की नजर पड़ी तो बैल उसे खाने के लिए पहुंचा था जब महिला ने उसे भगाने की कोशिश की तो बैल ने सीधे हमला करने की कोशिश की और कोठार के दीवाल को जोरदार टक्कर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्ती थी कि कोठार की दीवार ही भर भरकर गिर गई और उसकी जद में आने से 75 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान तो वृद्ध महिला की मौत हो गई है।

मामला पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अल्गीडांड़ की है यहां निवासरत लछन्न कंवर उम्र 74 वर्ष पति झंगलु सिंह के घर में एक बैल घुस आया था जहां भगाने के दौरान बैल ने कोठार की दीवार पर जोर का हमला किया जिससे हमला इतना जोर का हुआ की कोठार की कमजोर दीवाल होने की वजह से दिवाल भर भरकर गिर गई और जिसकी जद में आने से लछन्न कंवर मिट्टी के मलबे में दब गई थी। घटना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन में उपचार के लिए लछन्न कंवर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान लछन्न की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## कुसमुंडा मार्ग में ट्रेलर से जा भिड़ी ट्रेलर,चालक फंसा केबिन में

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते शनिवार की देर रात कोरबा की ओर से आ रही ट्रेलर सीजी 04 पीजी 4662 अपने सामने चल रही दूसरी ट्रेलर से जा टकराई। हादसे में ट्रेलर का केबिन बुरी तरह से चिपक गया, जिसमें ट्रेलर का चालक फंस गया। स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मुश्किल से चालक को केबिन से खींचकर बाहर निकाला गया। ट्रेलर चालक के हाथ पैर में गंभीर चोट लगी है। कोरबा कुसमुंडा मार्ग में स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से भी हादसे हो रहें हैं। प्रसाशन को इस ओर ध्यान देते हुए जल्द से जल्द अधूरे फोर लेन और अधूरे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को शुरू करवाना चाहिए। जिससे लोगों को राहत मिले। बीते बुधवार को भी इसी मार्ग में हुए एक दुखद हादसे में एक सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी की मौत हो गई थी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो भाई सहित तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जप्त वाहन।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में रहने वाले एक परिचित युवक की मोटरसाइकिल को दो सगे भाई सहित एक अन्य युवक ने चोरी कर ली थी और चोरी करने के बाद मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में घूम रहे थे। जैसे ही इसकी भनक पुलिस को लगी तो पुलिस ने चोरी करने वाले दोनों सगे भाई सहित कुल तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर की जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री नगर निवासी पंचराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 फरवरी को उसकी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। इस बीच पुलिस ने गायत्री नगर में ही रहने वाले दो सगे भाई सुरेंद्र दास उम्र 20 साल पिता कंचन दास एवं विरेंद्र दास पिता कंचन दास और उसके एक अन्य साथी सूरज यादव पिता तुलसीराम यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।




